प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में 6 हजार 7 सौ करोड़ की 23 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– सरकार का प्रयास पूर्वांचल बने विकास का केन्द्र।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– काशी की बदल रही है पहचान : स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिल रही है विश्वस्तरीय सुविधाएं।
3. राज्य सरकार प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को देगी मुफ्त राशन की सुविधा।

और

4. प्रदेश के अनेक हिस्सों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है करवा चौथ : सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख कर पति के दीर्घायु होने की कामना की।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में 6 हजार 700 करोड़ रुपये लागत की 23 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले काशी विकास और व्यापक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में विकास को नई ऊंचाईयां मिलेगी और लोगों के लिये बेहतर सुविधाओं और रोजगार का आधार बनेंगी।

प्रधानमंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे के विस्तार, नये टर्मिनल भवन क निर्माण, प्रधानमंत्री खेलो इंडिया योजना और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 210 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से वाराणसी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के पुनर्विकास सहित विभिन्न परियोजनाओं उद्घाटन किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री उड़ान योजना के तहत वाराणसी, सहारनपुर तथा मध्य प्रदेश के रीवा, छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर एयरपोर्ट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण भी किया। बाइट........

*आज देशभर में आधुनिक हाइवे बन रहे है नये–नये रूट पर रेलवे ट्रैक बिछाये जा रहे है। नये–नये एयरपोर्ट बन रहे है और ये सिर्फ ईट, पत्थर और लोहे सरिया का काम नहीं हो रहा है, बल्कि इससे लोगों की सुविधा बढ़ रही है देश के युवाओं को नौकरियां भी मिल रही है।*

इससे पहले प्रधानमंत्री ने कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य शंकर विजेन्द्र सरस्वती की उपस्थिति में हरिहरपुर में 90 करोड़ की लागत से निर्मित आधुनिक आर. ज. शंकरा आई हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस आधुनिक अस्पताल के बनने से काशी सहित पूर्वांचल के लोगों को फायदा पहुंचेगा। बाइट.......

*आज काशी को पूर्वांचल को, एक और आधुनिक अस्पताल मिला है, आर0जे0 शंकर नेत्र अस्पताल आज से जन–जन के लिये समर्पित है। ये आर0जे0 शंकर नेत्र अस्पताल अनेकों लोगों के जीवन से अंधकार दूर करेगा, उन्हें प्रकाश की ओर ले जायेगा। एक प्रकार से ये आध्यात्मिकता और आधुनिकता का संगम है, यहां बहुत बड़ी संख्या में गरीबों को मुफ्त इलाज मिलने वाला है। ये नेत्र अस्पताल यहां के युवाओं के लिये, रोजगार के नये अवसर लेकर आया है। यहां मेडिकल कॉलेजों के छात्र इंटर्शिप कर पायेंगे, प्रैक्टिस कर पायेंगे।*

**उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अगले पांच वर्षो में 75 हजार और मेडिकल सीटें जोड़ने जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में पूर्वांचल में 55 सौ से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किये गये है, जिससे लोगों को सस्ती कीमत पर दवाइयां मिल रही है और उनका औसत खर्च 25 प्रतिशत कम हो गया है।**

———————

**इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्यो को गति मिल रही है। प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और राजगार के क्षेत्र में ऐसे काम हुए ह, जिससे उत्तर प्रदेश की पहचान बदली है। बाइट........**

*काशी स्वास्थ्य के एक बड़े हब के रूप में न केवल काशीवासियों को बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की एक बड़ी आबादी की आवश्यकताओं की पूर्ति, करने में यह महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। काशी की तरह उत्तर प्रदेश में भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में बेहतरीन कार्य हुए है। हर जनपद में एक–एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो, हर जनपद में डायलिसिस की सुविधा प्राप्त हो, हर जनपद के अन्दर सीटी स्केन की*

*सुविधा हो, 15 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से गांव स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य की सुविधाएं और ट्रैडिशनल मेडिसिन की बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हो यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के अन्दर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार के साथ–साथ निजी क्षेत्र का और धमार्थ संस्थाओं का योगदान इस दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है।*

कार्यक्रम में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

—————————

राज्य सरकार प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को मुफ्त राशन की सुविधा देगी। इस क्रम में पूरे मेला क्षेत्र में 160 राशन की दुकानें और भंडारण के लिये पांच गोदाम बनाये जायेंगे। खाद्य और रसद विभाग 45 दिनों तक चलने वाले इस महा आयोजन के दौरान जनवरी और फरवरी में दो बार निशुल्क राशन उपलब्ध करायेगा। इस योजना के तहत दो लाख राशन कार्ड धारकों को सुविधा का लाभ दिया जायेगा, जिससे दस लाख लोग लाभान्वित होंगे। इस परियोजना पर 43 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जायेगी। परियोजना के तहत कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को अनाज, चीनी और रसोई गैस उपलब्ध कराया जायेगा।

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**अयोध्या मं रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद राम की पैड़ी पर आयोजित होने वाला पहला दीपोत्सव और भी भव्य एवं अलौकिक होगा। और विवरण हमारे अयोध्या प्रतिनिधि से.........**

*रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अयोध्या स्थित राम की पैड़ी पर आयोजित होने वाला पहला दीपोत्सव और भी भव्य और अलौकिक होगा,यही नहीं दीपोत्सव के माध्यम से पिछले कीर्तिमान तोड़ते हुए एक नए कीर्तिमान को भी स्थापित करने जा रहा है, दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो एस एस मिश्रा ने बताया........*

*खास यह है कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह प्रथम दीप उत्सव है और टारगेट बढ़ा हुआ है,। 21 के सापेक्ष 25 लाख का टारगेट हम लोगों को प्राप्त करना है, उसके लिए 28 लाख कम से कम दीपक 55 घाटों पर प्रज्वलित करना होगा, 30000 वॉलिंटियर्स होंगे, जो विश्वविद्यालय परिसर,महाविद्यालय स्थानीय जितने हैं और 36 इंटर कॉलेज हैं और 40 एनजीओ हैं,सबको मिला करके।*

*निश्चित रूप से इस बार फिर दीपोत्सव दिव्यता से दिव्य और भव्यता से भव्य छटा बिखेरेगी। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

——————————

बाराबंकी जिले का ऐतिहासिक देवा मेला धीरे–धीरे अपने चरम की ओर बढ़ रहा है। परसों से शुरू हुये इस मेले में पार्श्व गायक रूप कुमार राठौर, सोनाली राठौर और अल्ताफ राजा के कार्यक्रम मुख्य आकर्षण हैं। जिलाधिकारी और मेला समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि देवा मेला न सिर्फ लोगों के लिए आकषर्ण का केंद्र है, बल्कि सूफी संत हाजी वारिस अली शाह को मानने वाले यहां से एकता और मानव सेवा का संदेश लेकर जाते हैं। बाइट.......

*इस बार हम लोग देख रहे है कि देश प्रदेश के अलग–अलग जगहों से बहुत तरहके यहां पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लगातार हमारे जो आर्टिस्ट है, उन लोगों को भी मौका मिलेगा यहां बिजनेस करने के लिये लोग आये है जो दुकाने लगा रहे है उन लोगों को भी काफी लाभ होगा। बहुत ही ऐतिहासिक मेला है और हाजी साहब वे सब लोग उनके मैसेज को जानते है राम ही रब है यही मेन मैसेज है। यूपी के साथ अगर हमारा पूरा समाज चले तो हमेशा एकजुट होकर चलता रहेगा। मैं यहां पे सभी लोगों से आह्वान करूंगा कि वो आये और देवा मेले में जरूर सम्मिलित हो।*

———————

आज प्रदेश के अनेक हिस्सों में करवा चौथ का पर्व मनाया जा रहा है। इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रख कर पति के दीर्घायु होने की कामना करती हैं। व्रत के दौरान महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन अर्चन करती हैं। चांद निकलने के बाद पारम्परिक तरीके से पूजा पाठ कर महिलाएं जलग्रहण करती हैं। झांसी और हमीरपुर जिला कारागार में बंद महिला कैदियों ने भी करवा चौथ का व्रत रखा है। इस दौरान जेल प्रशासन ने इन

महिलाओं को व्रत से जुड़ी सभी जरूरी चीजें, समाजसेवी संस्थाओं की तरफ से उपलब्ध कराई हैं।

---------

लखनऊ में हो रहे रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मुकाबले में एलोट ग्रुप सी के एक मैच में आज तीसरे दिन उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 267 रन बना लिए हैं। अभी भी उत्तर प्रदेश हरियाणा से 186 रन पीछे है। हरियाणा ने पहली पारी में 431 रन से आगे खेलना शुरू किया। हरियाणा ने अपनी पहली पारी में कुल 453 रन बनाए हैं।

(समाप्त)